आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :416 पृष्ठ -4 दिनांक 03 मार्च 2025 दिन सोमवार

# यूपी के सभी 18 मंडलों के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय

## सीएम ने कहा है कि 18 मंडलों में कैंप लगाए जाए



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋण जमानुपात (सीडी रेशियो) व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा की. बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकर्स कमेटी से जुड़े लोग भी मौजूद रहे. बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष 2025–26 में सीडी रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जाना चाहिए.मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की मौजूदा स्थिति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ युवाओं में आगे बढ़ने का सामर्थ्य है. बैंकों के सहयोग से राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, ताकि यहां के युवा नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और आगे बढ़ा सकें. इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी कराई जाए.मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सर्वाधिक युवा आबादी वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत 24 जनवरी 2025 (यूपी दिवस) को की गई थी. इसके अंतर्गत एक वर्ष में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है. इस अभियान से उत्पाद व सेवा क्षेत्र में एक लाख नई इकाइयां स्थापित होंगी. अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रत्येक लाभार्थी युवा को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है. दूसरे चरण में यह धनराशि 10 लाख रुपये होगी. इस योजना के अंतर्गत एक माह में ही लगभग ढाई लाख पंजीकरण किए जा चुके हैं. जिनमें 93 हजार से अधिक आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं. बैंकों द्वारा 9013 युवाओं को 348 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान भी किए जा चुके हैं.मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित बैंक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं. इसके लिए बैंक हर जनपद की हर ब्रांच का टारगेट तय करें. परंपरागत कार्यों से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में वरीयता दी जाए तथा विभिन्न सेक्टर से जुड़े युवाओं को ऋण प्रदान किए जाएं. बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा बैंकों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा. ऋण वितरण के लिए सभी 18 मंडलों में कैंप लगाए जाएं. उन्होंने कहा कि युवा ने जिस क्षेत्र में ट्रेनिंग प्राप्त की है, उस क्षेत्र में ही उसे बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाए. बैंक में लोन के लिए अप्लाई करने से पहले आवेदकों की स्क्री. निंग की जाए. राज्य सरकार इन युवाओं को मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग व तकनीक से जोड़ने का कार्य भी करेगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा मार्केट है. यह अभियान युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा तथा रोजगार को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा. इस योजना में महिलाओं, एससी–एसटी, दिव्यांगों को भी जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में व्यापार व निवेश की संभावनाएं व्याप्त हैं. आज उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है. राज्य सरकार ने एक जनपद–एक उत्पाद योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना आदि के माध्यम से हस्तशिल्पियों, कारीगरों, छोटे व्यावसाइयों को आगे बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर ने प्रदेश के निर्यात को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. आज उत्तर प्रदेश 15–16 हजार करोड़ रुपये के पीतल उत्पाद (मुरादाबाद), 12–14 हजार करोड़ रुपये के कॉरपेट (वाराणसी, मीरजा. पुर, भदोही) और चार से पांच हजार करोड़ रुपये के ग्लास आइटम्स (फिरोजाबाद) का निर्यात कर रहा है.मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा समय–समय पर रा. `जगार मेले आयोजित कराए जाएं. सीडी रेशियो में पिछड़े 20 से 25 जनपदों में आगामी मार्च–अप्रैल माह में रोजगार मेले लगाए जाएं. इसमें विभिन्न कंपनियों को शामिल किया जाए तथा युवाओं को रोजगार के सर्टिफिकेट वितरित किए जाएं. सभी बैंक यह सुनिश्चित करें कि गांवों में बैंकिंग गतिविधियों को संचालित कर रहीं बीसी सखी का कमीशन समय पर उपलब्ध हो. बैंकर्स समिति की बैठक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हो– सीएममुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर ने महाकुम्भ को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया है. विभिन्न बैंकों द्वारा मेला क्षेत्र में शाखाएं, खोली गईं. एटीएम, मोबाइल एटीएम, क्वाइन वेंडिंग मशीन स्थापित कराई गईं तथा श्रद्धालुओं को डिजिटल पेमेंट के लिए प्रेरित करने का कार्य भी किया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दो से तीन माह में हो और जनपद स्तर पर प्रतिमाह इसे आयोजित किया जाए. मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश का कुल बैं. कंग व्यवसाय मार्च 2017 में 12.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर 2024 में 29.67 लाख करोड़ रुपये हो गया है. प्रदेश में बैंकों द्वारा मार्च 2017 तक 4.05 लाख करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया, जो दिसंबर 2024 में बढ़कर 11.08 लाख करोड़ रुपये हो गया. मार्च 2017 से सीडी रेशियो में 13.43 प्रतिशत की वृद्धि हुइ है

## पीएम मोदी ने दी रमजान की मुबारकबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रमजान की शुरुआत पर देशवासियों को शुभक. ामनाएं दी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर लिखा रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है. कामना है कि ये हमारे समाज में शांति और सद्भाव लाए. उन्होंने इसे चिंतन, कृतज्ञता और समर्पण का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह महीना करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है. साथ ही पीएम मोदी ने संदेश के अंत में रमजान मुबारक कहा.



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रमजान के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए लिखा ष्रमजान मुबारक! ये पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल में शांति लाए.वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट किया रहमतों और बरकतों के पवित्र माह रमजान की आप सभी को दिली मुबा. रकबाद. मैं ऊपर वाले से दुआ करती हूं कि ये मुकद्दस महीना आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और अमन–चौन लेकर आए.



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दी रमजान की शुभकामनाएं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी रमजान की बधाई देते हुए लिखा जैसे ही रमजान शुरू होता है हम प्रार्थना, क्षमा और दूसरों की सेवा के प्रति नए संकल्प के साथ इस पवित्र महीने को अपनाएं. आइए अपने समाज में दया, शांति और सौहार्द फैलाने का प्रयास करें. रमजान मुबारक!



**अखिलेश यादव ने भी दी शुभकामनाएं**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी रमजान पर ट्वीट किया ष्सभी को रमजान की दिली मुबारकबाद.ष रमजान




के इस पवित्र महीने को लेकर पूरे देश में उत्साह देखा जा रहा है. अलग–अलग समुदायों के लोग एक–दूसरे को शुभक. ामनाएं दे रहे हैं और इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द का संदेश दे रहे हैं.

## बसपा चीफ मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटा दिया



बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटा दिया है. मायावती के इस फैसले के पीछे की वजह क्या है? इसके पीछे की इनसाइड स्टोरी खुद बसपा (ठीनरंद ँउर च्तजल) चीफ ने बताई है. बसपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मायावती के हवाले से कहा गया है कि – जहां तक आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है और अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गम्भीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है. ऐसे में पाटी व मूवमेन्ट के हित में आकाश आनन्द को पार्टी की सभी जिम्मेवारियों से अलग कर दिया गया है. जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेवार हैं. उन्होंने आकाश आनंद का पॉलिटिकल करियर खराब कर दिया है.अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के संदर्भ में मायावती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम के बताए पदचिन्हों पर चलते हुए मैंने उन्हें पार्टी से बाहर किया. वह पार्टी को पूरे देश में दो गुटों में बांटने का घिनौना कार्य कर रहे थे.आनंद कुमार के संदर्भ में बसपा चीफ ने कहा कि उन्होंने कभी भी पार्टी के कार्यों को लेकर मुझे निराश नहीं किया. मायावती ने कहा कि सभी की सहमति के साथ आनंद कुमार को पार्टी का नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है.वह पार्टी उपाध्यक्ष का जिम्मा भी संभालते रहेंगे.

## मौसम की मार से आलू किसानों को भारी नुकसान, 10 पैकेट तक कम हुई पैदावार, लागत निकलना भी मुश्किल

उत्तर प्रदेश में मौसम के मिजाज में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है. मौसम में लगातार बदलाव का असर किसानों की फसलों पर दिखाई पड़ रहा है. आलू किसान मौसम में लगातार परिवर्तन से परेशान हैं, कम पैदावार की आंशका ने किसानों का अंकगणित खराब कर दिया है.किसानों के मुताबिक, नवंबर से लेकर फरवरी तक लगातार मौसम में होते बदलाव ने आलू की खेती को बुरी तरह प्रभावित किया है. इस साल आलू की पैदावार में बड़ी कमी आई है. किसानों के मुताबिक, मौसम में हुए बार–बार परिवर्तन से आलू की खेती करने वाले किसानों को 8 से 10 पैकेट आलू प्रति बीघा कम पैदा हुआ है. किसानों को भारी नुकसान आलू की खेती इस साल किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित होते हुए दिखाई पड़ रही है. पिछले साल की तुलना में इस साल 8 से 10 कट्टे कम निकल रहे हैं. जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. गौरतलब है कि आगरा और फिरोजाबाद में आलू की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है. नवंबर में बोई जाने वाली यह फसल फरवरी के अंत से तैयार हो जाती है. फिलहाल फरवरी का महीना खत्म हो चुका है और मार्च के पहले सप्ताह में आलू की खुदाई पूरी तरह से शुरू हो चुकी है. तापमान वृद्धि से पैदावर प्रभावितफिरा. `जाबाद में आलू की कुफरी बहार 3797 की खेती अधिक होती है. इस साल तापमान में वृद्धि होने से अंकुरण सामान्य से कम हुआ और कन्दों की संख्या कम और साइज भी सही तरह से विकसित नहीं हुआ.कम पैदावार का मुख्य कारण किसान तापमान में वृद्धि मान रहे हैं. जब अक्टूबर में आलू की बुवाई हुई तब भी तापमान ज्यादा था. किसानों ने लागत में कोई कमी नहीं छोड़ी, लेकिन ट्यूबर कम बने और मौसम गर्म होने से साइज भी छोटा रह गया, जिससे पैदावार प्रभावित हुई है. एक्सपर्ट ने क्या कहा?कृषि सहलाकर सौरभ गोस्वामी ने बताया कि बुवाई के समय तापमान 25 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए. उन्होंने बताया कि आलू की वृद्धि के लिए 16 से 20 डिग्री तापमान होना चाहिए, लेकिन इस बार जनवरी के अंत और फरवरी के शुरुआत में ही पारा 25 डिग्री से ऊपर पहुंच गया, जिसके कारण फसल प्रभावित हुई है.कम पैदावार की वजह से आलू किसान परेशान हैं. आलू की खेती करने वाले किसान पुष्पेंद्र राना बताते हैं कि आलू की पैदावार में आई कमी से किसानों को खर्चा निकालना मुश्किल हो गया है. अगर आलू का सही रेट नहीं मिला तो इस बार आलू की फसल घाटे का सौदा साबित होगी.

## यूपी में अप्रैल–मई नहीं मार्च में ही रुला देगी गर्मी! इसी महीने से लू चलने की आशंका

उत्तर प्रदेश में इस बार गर्मी आपको सताने के लिए अप्रैल मई का इतंजार नहीं करेगी. यह सिलसिला मार्च से ही शुरू हो सकता है. यह दावा मौसम विज्ञानी ने किया है. बीती सर्दियों में यूपी में रिकार्ड स्तर से कम बारिश हुई जिसकी वजह से टेंपरेचर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस में कमी की वजह से राज्य में सामान्य से 88 प्रतिशत बारिश कम दर्ज हुई. अकेले राजधानी लखनऊ में यह कमी 98 फीसदी तक रही. इसके परिणामस्वरूप फरवरी महीने के अंतर में में मौसम गर्म रहा. अब मार्च में ही लू चलने की आशंका जताई जा रही है. जिलावार बात करें तो 28 फरवरी की रात हमीरपुर में 19.2, वाराणसी में 19.5, लखनऊ में 19.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है. इन शहरों के संदर्भ में यह फरवरी की गर्म रात रही. राज्य स्थित झांसी, फरवरी में राज्य का सबसे गर्म शहर रहा जहां अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं वाराणसी में औसत अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है. बात राजधानी लखनऊ की करें तो यहां औसत अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस था. यह सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था. वहीं औसत न्यूनतम तापमान की बात करें तो वह 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था.मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 2025 के गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा और हीटवेव्स के दिनों में भी बढ़ोत्तरी दर्ज होगी. उनके मुताबिक मार्च 2025 में ही यूपी के दक्षिणी इलाकों में टेंप. रेचर 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है. जिसके परिणामस्वरूप हीटवेव्स के दिनों में 2–4 दिन बढ़ सकते हैं.सिंह के अनुसार फिलहाल प्रशांत महासागर में ला नीना की कमजोर परिस्थितियां बनी हुईं हैं. इसके अलावा हिंद महासागर में भी तटस्थ द्विध्रुवीय परिस्थितयों का असर दिखेगा. इस वजह से मार्च से मई के दौरान राज्य में तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है.

## UP में एक्सप्रेस–वे और हाईवे के किनारे नहीं होंगी शराब की दुकानें, होली से पहले CM योगी का सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए होली से पहले शराब की दुकानों को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने कहा कि एक्सप्रेस–वे एवं हाईवे के किनारे शराब की दुकानें बिल्कुल न हों. शराब की दुक. ानों के साइनेज को छोटा किया जाए.सीएम योगी ने आज रविवार (2 फरवरी) को लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने कहा है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें. प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर आवश्यक कदम उठाए जाएं.वहीं इस बैठक में सीएम योगी ने कहा बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं. डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें. दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें, ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों.

# लूडो खेलने के विवाद में युवक को मारी गोली, दो गिरफ्तार

अरमान के दो छोटे भाई अमन व सोनू धौर्रामाफी पेट्रोल पंप के पास नदीम व साहिल के साथ लूडो खेल रहे थे। तभी उनमें विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट भी हुई। बाद में नदीम के सिर में किसी वस्तु से चोट पहुंचाई। जिसके विवाद में नदीम ने सोनू को गोली मार दी।अलीगढ़ में क्वार्सी क्षेत्र के धौर्रामाफी इलाके में 28 फरवरी रात लूडो खेलने के दौरान हुए विवाद में आरोपी ने एक युवक को गोली मार दी। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पु. लिस के अनुसार जाकिर नगर गली नंबर तीन के अरमान ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 28 फरवरी रात उसके दो छोटे भाई अमन व सोनू धौर्रामाफी पेट्रोल पंप के पास नगला मल्लाह निवासी नदीम व साहिल के साथ लूडो खेल रहे थे। तभी उनमें विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट भी हुई। बाद में नदीम के सिर में किसी वस्तु से चोट पहुंचाई। जिसके विवाद में नदीम ने सोनू को गोली मार दी। सूचना पर अरमान भी वहां पहुंचा। तब तक हमलावर भाग गए। इंस्पेक्टर क्वार्सी शिशुपाल शर्मा के अनुसार मुकदमा दर्ज कर नदीम व साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पांच हजार से खोली थी ऑटो पार्ट्स की दुकान, आज 50 करोड़ है टर्न ओवर

अलीगढ़ में पिसावा के गांव जलालपुर गांव के जमींदार कुंदन गोयल के परिवार में जन्मे सुधीर गोयल ने बचपन में संपन्नता देखी। जब थोड़ा होश संभाला तो सरकार ने जमींदारी छीन ली और परिवार के सामने आजीविका का संकट आ गया। तब सुधीर गोयल के पिता रमेश चंद्र गोयल ने जट्टारी में पांच हजार रुपये जुटा कर ऑटो पार्ट्स की दुकान खोली थी। सुधीर गोयल ने अपनी कड़ी मेहनत से इसे 50 करोड़ रुपये के टर्न ओवर तक पहुंचाया है।सुधीर गोयल कहते हैं कि यहां तक का सफर इतना आसना नहीं था। आज उनके पास महिंद्रा, विक्रम, थ्रीव्हीर्ल्स, ईवी और ऑटा. `मोबाइल्स का पूरा साम्राज्य है। सन 1974 के आसपास एक वक्त था जब उनके घर में दो रुपये भी आ जाते थे तो लगता था कि बहुत कुछ आ गया है। बहुत कठिन दौर था। सरकार ने सब कुछ ले लिया था। बुआ की शादी की तो पास का पैसा भी गया। इसके बाद हालात मुश्किल ही होते गए।सुधीर गोयल कहते हैं कि पिता रमेश चंद्र गोयल ने सन 1975 में जट्टारी में ऑटोपार्ट्स की दुकान खोली थी। शुरुआती संघर्ष के बाद काम चल निकला। इससे पहले खराद और कुटी मशीन के भी काम किए थे। काम कुछ पटरी पर आया तो दादा के नाम पर कुंदन टॉकीज सिनेमा हाल खोला। इसके साथ ही डीएस कॉलेज से सन 1983 में बीकॉम किया।सुधीर गोयल के भाई पंकज गोयल और नीरज गोयल उनके कारोबार में साथ हैं। तीनों भाइयों के बेटे सजल, सक्षम और काव्य कारोबार को आगे बढ़ा रहे हैं। सुधीर गोयल कहते हैं कि पीछे मुड़कर देखते हैं तो लगता है कि कोई घटनाक्रम एक साथ घटित हो रहा है। वह अपने परिवार में भी इस संघर्ष का अक्सर जिक्र करते हैं जिससे उन्हें सफलता के विषय में कोई भ्रम न रहे। उन्होंने बताया कि उनकी सफलता में ताऊ ओमप्रकाश गोयल का काफी योगदान है।

## अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने में टाइगर प्रोडक्ट के मालिक और भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने में टाइगर प्रोडक्ट के मालिक और भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। टेंट गोदाम में आग लगने के मामले में षड्यंत्र करने और लूट करने के मामले में टाइगर के मालिक और भाजपा नेता समेत 4 को नामजद किया गया है।हाईकोर्ट के आदेश पर बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दो अलग–अलग मुकदमे लिखे गए हैं और दोनों ही मुकदमे मेलरोज बाईपास स्थित ज्वालाजी पुरम निवासी शैलेंद्र कुमार गौतम की ओर से लिखवाए गए हैं। इसमें 20–25 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है।गोदाम में आग लगाने और लूट का आरोप जीटी रोड स्थित टाइगर लॉक परिसर के अंदर मदनसगढ़ी निवासी उमेश कुमार का टेंट डेकोरेशन का गोदाम है। उनका गोदाम परिसर के मालिक सुबोध कुमार से विवाद चल रहा था और कोर्ट ने इस मामले में यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। अब आरोप है कि गोदाम खाली कराने के लिए उन्होंने ऐसा किया।मुकदमा उमेश के मैनेजर शैलेंद्र कुमार गौतम की ओर से कराया गया है। इसमें बताया गया कि आरोपी 1 जनवरी को 4 करोड़ रुपए का सामान लूटकर ले गए। इसके बाद 3 जनवरी को गोदाम में आग लगा दी, जिसमें जिसमें दो करोड़ रुपए का टेंट डे. कोरेशन का सामान रखा हुआ था। एक मुकदमें में सुबोध कुमार, कुशलपाल, सुनील, प्रमोद सहित 20–25 अज्ञात नामजद हुए हैं। दूसरा मुकदमा भाजपा नेता समेत 30–40 अज्ञात के खिलाफ है।थाने में सुनवाई नहीं हुई तो गए कोर्ट. पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि उनका गोदाम परिसर के मालिक से विवाद चल रहा था। इसी कारण 1 जनवरी को उनके गोदाम में नामजद के साथ अज्ञात हथियार बंद बदमाश घुसे और लूट की। फिर 3 जनवरी को उन्होंने गोदाम में आग लगवा




दी। लेकिन थाने में इस मामले में सुनवाई नहीं की गई और उन्हें वापस लौटा दिया गया।जिसके बाद टेंट डेकोरेशन गोदाम के मैनेजर शैलेंद्र गौतम हाईकोर्ट चले गए थे। कोर्ट ने उनके पक्ष को सुनते हुए मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।सीओ सेकंड राजीव द्विवेदी ने बताया कि मुकदमें दर्ज हो गए हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यार्ड में लगी आग, खड़े वाहन जलकर हुए राख, एक सिपाही झुलसा, नहीं पहुंची दमकल

यार्ड से आग की लपटें व धुआं का गुबार उठ रहा है। बताया जा रहा है कि सूचना के एक घंटे बाद तक दमकल नहीं पहुंची। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।यार्ड में दो पहिया वाहन खड़े थे। अचानक यार्ड में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक वाहन जलकर राख हो गए। आग बुझाने में लगा एक सिपाही भी झुलस गया। अकराबाद के पनेठी स्थित पुलिस यार्ड में 2 मार्च की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। यार्ड में खड़े वाहन आग में जलकर राख हो गए। सूचना के बाद भी समय से दमकल नहीं पहुंच पाई तो पुलिस कर्मी पाइप लगाकर आग बुझााने का प्रयास करने लगे। आग बुझाने के प्रयास में सिपाही राहुल झुलस गया है। यार्ड से आग की लपटें व धुआं का गुबार उठ रहा है। बताया जा रहा है कि सूचना के एक घंटे बाद तक दमकल नहीं पहुंची। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## रमजान पर व्यवस्थाओं का हाल जानने मुस्लिम मोहल्लो में पहुँचे निगम अधिकारी

अलीगढ़ रेलवे रोड अब्दुल करीम चौराहा ऊपरकोट सराय हकीम में कूड़ा डलाव पॉइंट पर कचरा पड़ा होने पर अपर नगर आयुक्त ने की कार्यवाही– एसएफआई का मांगा स्पष्टीकरण व अर्बन कम्पनी को कारण बताओ नोटिस पुरानी चुंगी सेंचुरी गेट से जमालपुर कूड़ा डलाव घर तक सड़क की दोनों पटरी से हटेगा अवैध अतिक्रमण– अवैध चाय, बिरयानी, ट्रेलर, कपड़े कबाड़ की लगी अस्थाई अवैध दुक. ानों पर होगी कार्यवाई–नगर निगम ने 3 दिन की दी मोहल्लतजमालपुर क्षेत्र में बरसों से बंद पड़ा मेकेनिकल कूड़ा डलाव घर जल्द होगा शुरू– जमालपुर क्षेत्र के बड़े डलाव घर पर खुले में कचरा नहीं दिखाई देगा नगर निगम पुलिसधजिला प्रशासन के सहयोग से होगी बड़ी कार्यवाई–अपर नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों संग किया मुस्लिम क्षेत्र में रमजान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण रमजान के पहले रोजे पर ही रविवार सुबह अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग जलकर निर्माण और स्ट्रीट लाइट विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के संग अपर नगर आयुक्त ने ऊपर कोट जामा मस्जिद रेलवे रोड हाथी वाला पुल दिल्ली गेट शाहजमाल साराय मियां ख्वाजा चौक जमालपुर ईदगाह शमशाद मार्केट फिरदौस



नगर आदि क्षेत्रों में रमजान के अवसर पर नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे रोड सराय हकीम रोड पर कई प्वा. इंटों पर कचरा पड़ा हुआ मिला अब्दुल करीम चौराहे से ऊपर कोट कोतवाली जामा मस्जिद रोड पर झाड़ू नहीं लगी थी जिस पर अपर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। मौके पर अपर नगर आयुक्त ने प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित एसएफआई का स्पष्टीकरण और अर्बन कम्पनी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।जमालपुर ईदगाह क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान शमशाद मार्केट से पुरानी चुंगी सेंचुरी गेट होते हुए जमालपुर मे मैकेनिकल कूड़ा डलाव घर तक सड़क की दोनों पटरी पर अवैध चाय बिस्किट पान गुटका टेलर बिरयानी की अस्थाई दुकाने लगाकर अतिक्रमण मिला जिसको तत्काल जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाने के निर्देश दिए गए मौके पर सहायक नगर आयुक्त ने तीन दिवस में मुनादी के पश्चात अतिक्रमण को हटाने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए।अर्बन कंपनी द्वारा जमाल. पुर क्षेत्र में बरसों पुराने बंद पड़े नगर निगम के आधुनिक मैकेनिक कूड़ा डलाव घर को बड़ी मेहनत से ठीक कराया। जिसका निरीक्षण अपर नगर आयुक्त ने किया और जल्द से जल्द इस ऑटोमेटिक डलाव घर को क्रियाशील करने के निर्देश दिए इस ऑटोमेटिक डलाव घर के क्रियाशील हो जाने के पश्चात जमालपुर क्षेत्र के में रोड पर खुले में पड़े कचरे से निजात मिलने की संभावना है। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह जोनल अधिकारी आरपी सिंह बेचन प्रसाद मीडिया सहायक एहसान रब नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग और निर्माण विभाग की टीम में मौजूद थी।

## कृष्णांजलि नाट्यशाला में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ




02 मार्च, 2025 को राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी की कृष्णांजलि नाट्यशाला में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ, अलीगढ़ का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुशील त्रिपाठी जी, प्रान्तीय महामंत्री श्री अजीत कुमार उपाध्याय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री के0पी0 सिंह के साथ ही बुलन्दशहर, आगरा, मथुरा, एटा के कलेक्ट्रेट संघ के पदाधिकारियों के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में जिलाधिकारी महोदय द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से निराकरण हेतु आश्वस्त किया तथा प्रान्तीय कार्यकारिणी एवं अध्यक्ष द्वारा मा0 राजस्व परिषद् में लम्बित समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया गया। मुख्य रूप से पुरानी पेंशन व्यवस्था पर प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा ध्यान आकर्षित किया गया। सम्मेलन के कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कामिनी शर्मा द्वारा किया गया तथा सम्मेलन में श्री अरूण शर्मा, अध्यक्ष, सोहन सिंह, जिला मंत्री, विजय कृष्ण आर्य, कोषाध्यक्ष, रचित वशिष्ठ, शुभम पंवार, सावित्री सिंह, कविता सिंह, अर्पित शर्मा, पीयूष साराभाई, गजेन्द्र सिंह, मधु भारती समस्त पदाधिकारियों द्वारा अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

## राष्ट्रीय सूचनाधिकार,मानवधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन (रजि.)की बैठक सेंटर पॉइंट स्थित होटल पर आहुत की गई



राष्ट्रीय सूचनाधिकार,मानवधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन (रजि.)की बैठक सेंटर पॉइंट स्थित होटल पर आहुत की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यालय काशीपुर उत्तराखंड से राष्ट्रीय अध्यक्षध्संस्थापक नीरज माथुर का आगमन हुआ। बैठक में मंडल,जिला, महानगर,तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी आए। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष डॉक्टर गगन शर्मा ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज माथुर, आस्था माथुर,अमन माथुर ने मंडल अध्यक्ष गगन शर्मा,जिला अध्यक्ष अंजुल वर्मा,महानगर अध्यक्ष केशव जौहरी व तहसील अध्यक्ष डॉक्टर सुवीर राय, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रेमलता सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। संस्थापकध्राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज माथुर ने बैठक में अपने विचार रखे,सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया,संगठन के कार्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।जिला महासचिव गौरव अग्रवाल ने सूचना अधिकार व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बारे में बताया।अध्यक्ष आस्था माथुर ने महिलाओं के अधिकार व सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। जिला अध्यक्ष अंजुल वर्मा ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को आई कार्ड व किट देकर सम्मानित किया। महासचिव राजेंद्र गुप्ता ने सभी अतिथियो को राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस बैठक में सुमित शिब्बो,राजीव कुमार चौधरी,रामकुमार गुप्ता,सौरभ वार्ष्णेय,नीलम देवी,प्रशांत आर्य, अंकित वर्मा,भारत अरोरा, कुलदीप वर्मा,अनिल कुमार,प्रमोद कुमार बघेल,प्रदीप कुमार,आनंद प्रकाश,जयवीर शर्मा,सत्येंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# हाथरस के कोतवाली सासनी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ

## सासनी–इगलास रोड पर एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी

हाथरस के कोतवाली सासनी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सासनी–इगलास रोड पर एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान अरविंद कुमार (22 वर्ष) पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। वह सासनी के गांव ममोता कलां का रहने वाला था। अरविंद अलीगढ़ के मलखान सिंह जिला अस्पताल में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। घटना के समय वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव छोड़ा गढ़ऊआ जा रहा था। हादसा गांव के निकट हुआ, जहां एक ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार एक महिला भी घायल हो गई। घायल महिला को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरविंद अविवाहित था।

## हाथरस केस में बढ़ी राहुल गांधी की मुश्किलें! कोर्ट में शिकायतकर्ता के बयान . दर्ज, 24 मार्च को अगली सुनवाई



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथरस मामले पर दिए गए बयान को लेकर दर्ज मानहानि शिकायत पर शनिवार (1 मार्च) को हाथरस कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया. मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को निर्धारित की गई है.अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने जानकारी दी कि राहुल गांधी के खिलाफ तीन अलग–अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं. इनमें राम कुमार, लवकुश और रवि नाम के व्यक्तियों ने मानहानि का मामला दायर किया है. शनिवार (1 मार्च) को राम कुमार की शिकायत पर सुनवाई हुई जिसमें कोर्ट ने उनका बयान दर्ज कर लिया और मामले की अगली तारीख 24 मार्च तय की.सोशल मीडिया पोस्ट बना विवाद की वजहशिकायतकर्ताओं के अनुसार कोर्ट से बरी होने के बावजूद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि ष्बलात्क. ारी बाहर घूम रहे हैं.ष आरोप है कि ये बयान उन्होंने इस तथ्य को जानते हुए भी दिया कि कोर्ट ने तीनों युवकों को आरोपों से मुक्त कर दिया था. इस बयान के बाद उन्हें कानूनी नोटिस भेजा गया.राहुल गांधी के बयान से फिर गरमाया मामलागौरतलब है कि हाथरस में कथित गैंगरेप का मामला देशभर में राजनीतिक मुद्दा बन गया था. इस मामले की जांच एसआईटी, सीबीआई समेत अन्य एजेंसियों ने की थी. सीबीआई ने 3,200 पेज की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जिसके बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों को बरी कर दिया. हालांकि दिसंबर 2023 में राहुल गांधी ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर बयान जारी किया जिससे विवाद दोबारा गर्म हो गया.मानहानि केस में 1.5 करोड़ रुपये का नोटिस रवि कुमार, लवकुश और राम कुमार ने अधिवक्ता मुन्ना सिंह के माध्यम से राहुल गांधी को 1.5 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है. इसमें प्रत्येक शिकायतकर्ता के लिए 50–50 लाख रुपये की मांग की गई है. शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कोर्ट की ओर से दोषमुक्त किए जाने के बावजूद राहुल गांधी ने उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जिससे उनकी सामाजिक छवि खराब हुई है.

## हाथरस जिले में आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी का खेल करने वाले एक बुकी को एसओजी और पुलिस की टीम ने पकड़ा

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी का खेल करने वाले एक बुकी को एसओजी और पुलिस की टीम ने पकड़ा है। पकड़े गए बुकी के कब्जे से पुलिस ने 10 से अधिक मोबाइल, लैपटॉप सहित ऑनलाइन बेटिंग से जुड़ी चीजें बरामद की है। वहीं, सीओ सिटी ने एसओजी और भारी पुलिस बल के साथ पीयूष मित्तल नाम के आईपीएल बुकी के घर पर छापेमारी की। घर की तलाशी में पुलिस को क्रिकेट जुड़े महत्वपूर्णदस्तावेज मिले है। पुलिस की अचानक कार्यवाही से इलाके में हड़कंप मच गया।दरअसल, सदर कोतवाली क्षेत्र के चूड़ी वाली गली में रहने वाले पीयूष मित्तल पुत्र विनोद मित्तल के घर पर कल रात पुलिस ने अचानक दबिश दे दी। पुलिस ने आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने वाले एक बुकी पीयूष मित्तल को हिरासत में लिया है। बुकी के घर में छापेमारी के दौरान पुलिस 10 से अधिक मोबाइल फो, लैपटॉप, कैश भी बरामद किया है। पुलिस ने सटोरिए के घर से 22 से अधिक जमीन के कागज भी बरामद किए हैं, जो सट्टेबाजी में हराए गए लोगों के बताए जा रहे है। पकड़े गए क्रिकेट सटोरिए के तार कई अन्य राज्यों के बड़े बुकियों से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग लिंक भ. `जकर एप मोबाइल में डाउनलोड करते थे। गेम डाउनलोड होने के बाद गिरोह के सदस्य ऑनलाइन गेम खेलने के लिए इन लोगों को कोड मुहैया कराते थे। इस कोड के जरिए गेम में पहले जीत दिलाकर लालच बढ़ा देते थे। इसके बाद धीरे–धीरे गेम में पैसे लगवाते जाते थे। गेम में 20 से 25 लाख रुपये तक रकम जब लोग हार जाते थे, तब दबाव का खेल शुरू होता था। क्रिकेट मैच में रुपये हराने के बाद लोगों के पास हारी हुई रकम देने के लिए पैसे नहीं होते तो सटोरिया उनकी जमीन और मकान की रजिस्ट्री कराता था। वह जमीन या मकान अपने और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम करा लेता था।पुलिस अब इस ऑनलाइन गेमिंग में अपने जीवन भर की कमाई गंवाने वाले लोगों से संपर्क करने में जुटी है। इससे पकड़े गए सटोरिया के खिलाफ और कड़ी कार्यवाही कर सके। सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने बताया कि इसको लेकर एक शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति फर्जी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग करता है। इससे वह काफी रुपये हार चुका है। उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई हुई है।

## हाथरस के बागला इंटर कॉलेज में अटल आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई



हाथरस के बागला इंटर कॉलेज में अटल आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह विद्यालय अलीगढ़ मंडल में स्थित है। श्रमिक परिवारों के बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए यह विद्यालय संचालित किया जा रहा है।कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 226 विद्यार्थियों में से 198 ने परीक्षा दी। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 152 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 127 परीक्षा में शामिल हुए। सुबह से ही विद्यार्थी और उनके अभिभावक परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे।अपने बच्चों को दिलाना चाहते हैं उच्च शिक्षापरीक्षा देने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि उनकी परीक्षा अच्छी रही। उन्हें परीक्षा में सफल होने की पूरी उम्मीद है। अभिभावकों ने कहा कि वे मजदूर और श्रमिक वर्ग से हैं। वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए सरकार की इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं। इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश मिलेगा। स्मोकी पर श्रम विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद रहे।

## हाथरस के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बरोस में राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर चल रहा

हाथरस के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बरोस में राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत श्उठे समाज के लिए उठेश गाया। एक समूह ने स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया। शिविर में क्षय रोग उन्मूलन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली में ष्क्षय रोग है बीमारी, बचाव है जरूरीष और ष्हेल्दी फूड खाओ, टीबी को दूर भगाओष जैसे नारे लगाए गए। दोपहर के बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णा कुमारी ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के लक्षण, कारण और निवारण के बारे में जानकारी दी। शिविर की आख्या लेखन में योगेश शर्मा और अर्जुन सिंह गोला का योगदान रहा। मीडिया प्रभारी डॉ. गोविंद चावला ने प्रकाशन का कार्य संभाला।

## किशोरी को बहला–फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज, तलाश शुरू




हाथरस के सहपऊ थाने में किशोरी को बहला–फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। सहपऊ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। इसमें उसने लिखा है कि करीब चार दिन पूर्व उसकी 15 वर्षीय पुत्री को जनपद अलीगढ़ थाना अतरौली के एक गांव निवासी युवक केशव देव बहला–फुसला कर ले गया है। उसने एवं उसके परिजनों ने उसे काफी तलाश किया है लेकिन किशोरी नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

## अवैध शराब की बिक्री पर भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन



गांव नगला मान सहाय के काफी ग्रामीण एकत्रित होकर शनिवार को सादाबाद कोतवाली पहुंच गए। यहां इन ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर गांव में शराब की अवैध बिक्री को बंद किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।तहरीर में ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति गांव में शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। कई लोग उसका इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इन लोगों से जब शराब को अवैध रूप से गांव में बेचने से कई बार मना किया है, लेकिन यह लोग लगातार अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।युवा किशोर भी शराब के नशे के आदी होते जा रहे हैं। शराब का अवैध धंधा कर रहे इन लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। महिलाओं ने बताया कि दिन हो या रात, गांव में जमकर अवैध शराब बेची जा रही है। मौके पर नीलम, पिंकी, नारायण सिंह, प्रेमचंद्र, ऊषा, विजयपाल, अजीत सिंह, रंजीत सहित अन्य काफी लोग थे।पति को झूठे केस में फंसाना चाहते हैं लोग सादाबाद। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने सादाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। महिला ने बताया कि वह परचून की दुकान चलाती है। उसके पति शिक्षामित्र हैं। उसकी दुकान पर कुछ शराबी किस्म के लोग इकट्ठे हो जाते हैं, जो कि उस पर फब्तियां कसते हैं। एक व्यक्ति आए–दिन गलत हरकत करता है। उसने अपने पति को बताया तो इन लोगों ने पति को पीटा। 28 फरवरी को उसकी दुकान को तोड़ दिया। उसके पति को गांव के यह लोग अवैध शराब बेचने की झूठी अफवाह फैलाकर झूठे केस में फंसाना चाहते हैं।

## जन्मदिन की पार्टी में फायरिंग, युवक घायल

सदर कोतवाली क्षेत्र तरफरा रोड पर शिव कॉलोनी में शुक्रवार की रात जन्मदिन की पार्टी में गाल–गलौज को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान हुई फायरिंग में गोली एक युवक के मुंह को छूती हुई निकल गई। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।शिव कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि शुक्रवार की रात कॉलोनी निवासी प्रद्युम्न शर्मा के घर पर जन्मदिन पार्टी चल रही थी। वहां उसके अन्य साथी भी मौजूद थे। पार्टी में किसी बात पर कहासुनी हो गई। नरेंद्र के भाई धीरू ने गाली–गलौज देने से मना किया तो आरोपियों ने धीरू पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।गनीमत रही कि गोली धीरू के मुंह को छूती हुई निकल गई। गोली लगने से धीरू घायल हो गया। मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घायल के मुंह से खून बहने लगा। घायल धीरू का पुलिस ने जिला अस्पताल में उपचार कराया। पुलिस ने इस मामले में प्रद्युम्न शर्मा निवासी शिव कॉलोनी, अभय गौतम, वंश सोनी, निवासी गैलेक्सी होटल के निकट, मोनीषकांत शर्मा, डीसी सोनी निवासीगण चित्रकूट बगीची के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सदर योगेंद्र कृष्ण नारायण का कहना है कि शनिवार को पुलिस ने प्रद्युम्न को तरफरा रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हाथरस के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बरोस में राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर चल रहा

हाथरस के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बरोस में राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत श्उठे समाज के लिए उठेश गाया। एक समूह ने स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया।शिविर में क्षय रोग उन्मूलन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली में क्षय रोग है बीमारी, बचाव है जरूरीष और ष्हेल्दी फूड खाओ, टीबी को दूर भगाओष जैसे नारे लगाए गए। दोपहर के बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णा कुमारी ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के लक्षण, कारण और निवारण के बारे में जानकारी दी। शिविर की आख्या लेखन में योगेश शर्मा और अर्जुन सिंह गोला का योगदान रहा। मीडिया प्रभारी डॉ. गोविंद चावला ने प्रकाशन का कार्य संभाला।

# कासगंजः ट्रैक्टर–ट्रॉली ने मारी बाइक को टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल



सोरोंजीरू थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के समीप मिट्टी से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली ने बाइक सवार पिता–पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे हादसे में पिता की मौत हो गई। पुत्र को गंभीर स्थिति में अलीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने पिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी 50 वर्षीय कुंवर पाल और उनका पुत्र 30 वर्षीय ज्ञानेंद्र अपने गांव से बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने नरदौली जा रहे थे। सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर के समीप पहुंचने पर मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में पिता–पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे पर एकत्रित राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान कुंवर पाल की मौत हो गई। घायल ज्ञानेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अलीगढ़ रेफर कर दिया। सड़क हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। कुंवर पाल की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।सोरों कोतवाली प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि परिजनों द्वारा अज्ञात ट्रैक्टर के खिलाफ तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# कासगंजः राजा के बौर आने से बागवानों के खिले चेहरे, अच्छे उत्पादन का अनुमान

मोहनपुरा। मध्य फरवरी के आते ही प्रकृति में नए–नए परिवर्तन शुरू होने लगते हैं। दिन के समय में धूप खिली रहने से तापमान में भी धीरे–धीरे कुछ बढ़ोतरी होने लगती है, जिससे सर्दी का असर कम होकर मौसम अनुकूल हो जाता है। धूप की तीव्रता बढ़ने से छांव में सुकून मिलना प्रारंभ हो जाता है। ऋतुराज वसंत के आगमन के साथ ही बागों में कोयल की मधुर कूक मन को भाने लगती है।वसंत के इसी समय में फलों के राजा आम के वृक्षों पर बौर आना प्रारंभ हो गया है। इस दौरान आम के पूरे पेड़ पर मंजरियां खिल रही हैं। सुनहरी एवं पीले रंग की मंजरियों से लदे वृक्ष लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। हालांकि कुछ वृक्षों की प्रजाति में वैक. ल्पिक रूप से वर्ष में एक बार ही बौर खिलता है, किंतु बहुतायत में वृक्षों पर बौर लद चुका है, जिससे इस वर्ष भी आम की अच्छी पैदावार होने की संभावना है। इसी के मद्देनजर बागवानों के चेहरों पर खुशी की लहर दिखाई देने लगी है।हालांकि, कल हुई बारिश एवं कहीं–कहीं हुई ओलावृष्टि से अपेक्षाकृत आंशिक नुकसान की संभावना हुई है, जिससे बागवानों के चेहरे पर कुछ चिंता की लकीरें भी देखी गई हैं। हालांकि, किसान रामप्रताप का कहना है कि ज्यादा नुकसान की संभावना नहीं है।एक नजर में जनपद के आंकड़ेरूपाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियांरू 3प्रमुख प्रजातियों के नामरू दशहरी, लंगड़ा और चौसाआम के बागों का कुल क्षेत्रफलरू 1517 हेक्टेयरउचित पैदावार हेतु आम के बौर का संरक्षण एवं कीट नियंत्रण किसी भी फसल में बेहतर पैदावार के लिए उसकी समुचित देखभाल करना बेहद आवश्यक है। जनपद के कस्बा मोहनपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि आम के वृक्ष पर मंजरी में फूल खिलने की अवस्था में किसी प्रकार के कीटनाशक का प्रयोग नहीं करना चाहिए, अन्यथा परागण प्रक्रिया बाधित होने से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कीट नियंत्रण के लिए मंजरी आने के बाद एवं फूल खिलने से पहले पहला छिड़काव पानी में इमिडाक्लोप्रिड 0.005 प्रतिशत अथवा 0.3 मिली प्रति लीटर की दर से घोलकर करने की सलाह दी है।इसके बाद मंजरी के फूल खिलने का इंतजार करें। इसके पश्चात जब फल सरसों के दाने के बराबर हो जाए, तब दूसरा छिड़काव थायमैथोक्साम 0.005 प्रतिशत अथवा 0.2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर करना चाहिए। अंत में, जब फल मटर के दाने के आकार के हो जाएं और कीट दिखाई दें, तब 0.15 प्रतिशत अथवा 3 ग्राम कार्बरिल प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव किया जा सकता है। इस प्रकार बौर में कीट नियंत्रण कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।आम उत्पादन में प्रकृति की भूमिका बेहद अहमआम की पैदावार एवं फलों के ठहराव में प्रकृति की बेहद अहम भूमिका होती है। अक्सर वृक्ष पर फलों के आने का तथा लू, तेज हवाएं, आंधी और तूफान आने का प्रायः एक ही समय होता है। प्रकृति के इस परिवर्तन के कारण आम के पेड़ की टहनियों से फल टूटकर गिर जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है। इस तरह, प्रकृति अक्सर आम की फसल को प्रभावित करती है, जिससे उत्पादन में प्रकृति की भूमिका बेहद अहम मानी जाती है।जनपद में मुख्य रूप से दशहरी, लंगड़ा और चौसा प्रजाति के वृक्ष हैं, जिनमें सर्वाधिक वृक्ष दशहरी के हैं। मंजरी अच्छी आ रही है, जिससे आम के अच्छे उत्पादन का अनुमान है। बागवान किसी भी सहायता के लिए जिला उद्यान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं– रवि चंद्र जयसवाल, जिला उद्यान अधिकारी, कासगंज।

# कासगंजः खुद को पुलिस अधिकारी बताकर पति को अरेस्ट करने की दी धमकी, महिला से साढ़े चार लाख ठगे

गंजडुंडवारा रू कस्बे में एक महिला को साइबर ठगों ने डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर करीब साढ़े चार लाख रुपए की ठगी का शिकार बना लिया। साइबर ठगों ने महिला को विभिन्न तरीकों से डराकर उसका ब्रेनवॉश कर दिया। कभी पति और भाई को छुड़ाने के नाम पर, तो कभी बैंक में ज्यादा पैसे जमा होने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देकर करीब साढ़े चार लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता द्वारा पति को जानकारी देने पर साइबर क्राइम थाना में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई।जागरूकता की कमी के चलते लगातार ग्रामीण क्षेत्र के लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार बन रहे हैं, जिससे हर दिन नए–नए मामले सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी अलग–अलग फर्जी वेबसाइटों और डिजिटल पैतरों से लोगों को ठगते हैं। साइबर अपराधी हर दिन लाखों रुपए की ठगी कर लोगों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। ऐसा ही मामला कस्बे के मोहल्ला गोविंदपुरी से सामने आया है, जहां एक मजदूर महिला संतोषी के पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और उसके पति और भाई को अरेस्ट करने की बात कहकर छुड़वाने के एवज में पैसों की मांग की।भय के कारण महिला ने ठग द्वारा दिए गए खाते नंबर में पैसे जमा करने शुरू कर दिए, क्योंकि वह पति और भाई से संपर्क न होने के कारण भयभीत थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ही पीड़िता के पास फिर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और पीड़िता के खाते में 18 लाख रुपए जमा होने तथा उसके उपयोग न करने पर सरकारी टैक्स भरने का हवाला देकर पैसे मांगे।रुपए न देने की स्थिति में पीड़िता को एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी गई, जिससे वह और ज्यादा डर गई और बिना किसी को बताए पैसे जमा करने लगी। पति के घर वापस आने पर ठगी का खुलासा हुआ। तब तक पीड़िता ने करीब साढ़े चार लाख रुपए ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में जमा कर दिए थे। इसके बाद पीड़िता ने जनपद कासगंज स्थित साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# समस्या निस्तारण में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला , डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

कासगंज उत्तर प्रदेश में पहचान बनाने वाला कासगंज जिला एक बार फिर से नंबर वन हो गया है। समस्या निस्तारण में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इसको लेकर अधिकारी खुश हैं। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।ई–डिस्ट्रिक्ट में जिलाधिकारी मेधा रूपम के मार्गदर्शन में जनपद को यह गौरव प्राप्त हुआ है। ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के सबसे अधिक निस्तारण के साथ जनपद कासगंज उत्तर प्रदेश में ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं में अव्वल रहा। ई–डिस्ट्रिक्ट शासन की प्राथमिकता वाली योजना है जिसके माध्यम से जनसामान्य को अपने विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त होते हैं । जन सामान्य के कार्य में पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के समय से जारी करने के लिए शासन में विभिन्न स्तर से लगातार निगरानी व समीक्षा की जाती है । ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि जनपद कासगंज में माह फरवरी में कुल 18087 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17959 आवेदनों को निस्तारित किया जा चुका है। शेष आवेदन माह के अंतिम दिनों में प्राप्त हुए हैं जो अभी जांच प्रक्रिया में हैं। ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण में 99.29 प्रतिशत निस्तारण के साथ जनपद कासगंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। फरवरी 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी मेधा रूपम और अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि आवेदनों की नियमित समीक्षा की जाती है, ताकि किसी भी प्रकार की देरी न हो। ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं जन सेवा केंद्रों से उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक जन सेवा केंद्र संचालित है, और नागरिक चाहें तो सीधे पोर्टल से भी आवेदन कर सकते हैं। इस तरह, जनपद कासगंज की टीम ने डिजिटल सेवाओं के माध्यम से फिर से और नागरिकों की कुशलता संतुष्टि के लिए एक मिसाल कायम की है।

# समय–समय पर अपनी कार्यशैली को लेकर उत्तर प्रदेश में पहचान बनाने वाला कासगंज जिला एक बार फिर से नंबर वन

कासगंज रू समय–समय पर अपनी कार्यशैली को लेकर उत्तर प्रदेश में पहचान बनाने वाला कासगंज जिला एक बार फिर से नंबर वन हो गया है। समस्या निस्तारण में जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इसे लेकर अधिकारी खुश हैं। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।ई–डिस्ट्रिक्ट में जिलाधिकारी मेधा रूपम के मार्गदर्शन में जनपद को यह गौरव प्राप्त हुआ है। ऑनलाइन प्रमाण पत्रों के सबसे अधिक निस्तारण के साथ जनपद कासगंज उत्तर प्रदेश में ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं में अव्वल रहा। ई–डिस्ट्रिक्ट शासन की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसके माध्यम से जनसामान्य को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त होते हैं। जनसामान्य के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऑनलाइन प्रमाण पत्रों को समय से जारी करने हेतु शासन स्तर पर विभिन्न स्तरों से लगातार निगरानी व समीक्षा की जाती है।ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि जनपद कासगंज में फरवरी माह में कुल 18,087 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17,959 आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है। शेष आवेदन माह के अंतिम दिनों में प्राप्त हुए हैं, जो अभी जांच प्रक्रिया में हैं। ऑनलाइन आवे. दनों के निस्तारण में 99.29 प्रतिशत सफलता के साथ जनपद कासगंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।फरवरी 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी मेधा रूपम और अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि आवेदनों की नियमित समीक्षा की जाती है, ताकि किसी भी प्रकार की प्रक्रियात्मक देरी न हो।ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं जन सेवा केंद्रों से उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक जन सेवा केंद्र संचालित है, और नागरिक चाहें तो सीधे पोर्टल से भी आवेदन कर सकते हैं। इस तरह, जनपद कासगंज की टीम ने डिजिटल सेवाओं के माध्यम से एक बार फिर नागरिकों की संतुष्टि और कुशलता के लिए मिसाल कायम की है।

# कासगंज : सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

कासगंज : थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के सिढ़पुरा–भोगपुर मार्ग पर गांव भोगपुर के निकट सैनिक भर्ती की तैयारी कर रहे युवक को कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।ग्राम भोगपुर निवासी सौरभ (19) पुत्र रामोतार सैनिक भर्ती की तैयारी कर रहा था। वह प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह दौड़ का अभ्यास करने के लिए निकला। वह दो अन्य साथियों के साथ दौड़ लगा रहा था, तभी भोगपुर फाटक के समीप तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी उसके साथियों ने परिजनों को दी। परिजन और अन्य ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। परिजन उसे लेकर एटा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।शादी वाले परिवार में मचा कोहराम सड़क हादसे में मृतक सौरभ के चचेरे भाई धारा सिंह की बारात जानी थी। घर में खुशियां थीं और बारात की तैयारियां चल रही थीं। घर में मंगल गीत गाए जा रहे थे। लेकिन सड़क हादसे में सौरभ की मौत होने से खुशियों वाले परिवार में मातम छा गया।

जननायक सम्राट
हिंदी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

एटा के केशव सरस्वती शिशु मंदिर, भारती नगर में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रश्मि व्याकुल बाल कल्याण समिति ने द ब्रेनिक नॉलेज अवार्ड–2025 के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की।प्रतियोगिता में 7 प्रमुख विद्यालयों से 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें केशव सरस्वती शिशु मंदिर, एसएस किड्स कान्वेंट स्कूल और आर्य कन्या जूनियर हाई स्कूल शामिल थे। समिति के अध्यक्ष विशाल सक्सेना ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पूरे जिले में आयोजित की जाएंगी। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा और पुरस्कारों से प्रोत्साहन भी।प्रतियोगिता के परिणाम अगले दो सप्ताह में घोषित किए जाएंगे। सभी प्रतिभागी विद्यालयों को इसकी सूचना दी जाएगी। कार्यक्रम में संस्था के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इनमें संरक्षक विजय वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनु रायजादा और सचिव जितेंद्र सक्सेना प्रमुख थे। समिति ने सभी प्रतिभागी बच्चों और विद्यालयों का धन्यवाद किया। साथ ही बच्चों को आगामी परीक्षाओं की तैयारी में जुटने और संस्था से जुड़े रहने का आग्रह किया गया।

# कासगंज जिला अस्पताल का डायलिसिस सेंटर मरीजों के लिए वरदान साबित

कासगंज जिला अस्पताल का डायलिसिस सेंटर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां मात्र एक रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। इस सेंटर पर न केवल कासगंज बल्कि एटा, बदायूं, फर्रुखाबाद और कानपुर से भी मरीज आ रहे हैं।डायलिसिस सेंटर के डॉक्टर विशाल माहेश्वरी ने बताया कि यह सेंटर 2022 में शुरू किया गया था। वर्तमान में सेंटर पर 70 मरीजों का रजिस्ट्रेशन है। रोजाना 30 मरीजों की डायलिसिस की जाती है। एक मरीज की डायलिसिस में 4 घंटे का समय लगता है।गरीब मरीजों को मिल रही है राहतआसपास के जिलों में डायलिसिस मरीजों की संख्या अधिक होने और पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण मरीज कासगंज आते हैं। डॉक्टर माहेश्वरी ने कहा कि अन्य जिलों से आने वाले किसी भी मरीज को निराश नहीं किया जाता। उन्होंने मरीजों से अपील की है कि जो भी डायलिसिस के लिए परेशान हैं, वे कासगंज आ सकते हैं। उनका मानना है कि जीवन में मानव सेवा से बड़ा कुछ नहीं है।लगभग 30 मरीज दूसरे जिलों से नियमित रूप से यहां डायलिसिस के लिए आते हैं। एक रुपये के पर्चे पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल रही है।